

# कृति खरबंदा की इंस्टाग्राम स्टोरी से बढ़ी उत्सुकता

**बॉलीवुड** अभिनेत्री कृति खरबंदा की हालिया इंस्टाग्राम स्टोरीज़ ने उनके प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है. कृति खरबंदा ने लगातार कुछ ऐसी तस्वीरें साझा की हैं, जिनसे कयास लगाए जा रहे हैं कि वह जल्द ही कोई खास घोषणा कर सकती हैं. कृति ने सबसे पहले अपनी क्लोज-अप सेल्फी साझा की. इसके बाद उन्होंने एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें एक गिलास में ड्रिंक डाली जाती हुई दिखाई दे रही है और साथ में लाल रंग की नोटबुक नजर आ रही है.

तस्वीर पर लिखा था, 'कुछ खास पक रहा है. इसके बाद कृति ने एक और तस्वीर साझा की, जिसमें हाथ से लिखे नोट की तरह संदेश था 'मैं अभी खुद पर काम कर रही हूँ. कृति के इन रहस्यमयी संदेशों ने प्रशंसकों की जिज्ञासा और बढ़ा दी है.

हालांकि कृति ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि उनकी इन स्टोरीज़ का इशारा किस ओर है, लेकिन सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं.

माना जा रहा है कि यह किसी नए प्रोजेक्ट, पेशेवर उपलब्धि या उनकी जिंदगी से जुड़ी किसी खास खबर का संकेत हो सकता है. फिलहाल कृति के इन रहस्यमयी अपडेट्स ने प्रशंसकों को इंतजार और अनुमान के बीच ला खड़ा किया है. अब सभी की नजर इस बात पर है कि कृति कब इस सस्पेंस से पर्दा उठाती हैं.

# संजय लीला भंसाली ने पूरी की 'लव एंड वॉर' की शूटिंग




**बॉलीवुड** के मशहूर फिल्मकार संजय लीला भंसाली ने रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग पूरी कर ली है. शूटिंग पूरी होने के बाद अब फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू किया जाएगा. लव एंड वॉर' एक भव्य रोमांटिक वॉर ड्रामा है, जिसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल पहली बार इस तरह की कहानी में साथ नजर आएंगे. संजय लीला भंसाली अपनी भव्य प्रस्तुति, शानदार विजुअल्स और अलग अंदाज की कहानी कहने के लिए जाने जाते हैं. ऐसे में फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्सुकता बनी हुई है. फिल्म की शूटिंग पूरी होने की खबर ने दर्शकों का इंतजार और बढ़ा दिया है. अब तक फिल्म की आधिकारिक झलक सामने नहीं आई है, ऐसे में प्रशंसकों को इसके फर्स्ट लुक, टीजर और ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार है.

निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज के लिए 21 जनवरी 2027 की तारीख तय की है. फिल्म दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी और हिंदी के साथ तमिल तथा तेलुगु भाषाओं में भी प्रदर्शित की जाएगी.

# इंडिया के टॉप 1% में अनिल कपूर का दमदार अंदाज


**बॉलीवुड** के मेगास्टार अनिल कपूर ने बहुप्रतीक्षित शो 'इंडिया के टॉप 1%' की शूटिंग के पहले दिन अपने खास अंदाज से माहौल को यादगार बना दिया. शो की शूटिंग शुरू होते ही अनिल कपूर कव्वाली के अंदाज में नजर आए और अपने जोश, आकर्षक अंदाज तथा 'झकास' स्वैग से सेट पर मौजूद लोगों का दिल जीत लिया.

ब्लैक आउटफिट और सनग्लासेस में अनिल कपूर बेहद शानदार नजर आए. जैसे ही उन्होंने मंच संभाला, उनका यह अलग अंदाज देखने को मिला. शूटिंग के पहले दिन की यह खास झलक सामने आने के बाद शो को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है. इंडिया के टॉप 1%' में देश के अलग- अलग हिस्सों और विभिन्न क्षेत्रों से आए 100 प्रतियोगी एक साथ खेलते नजर आएंगे. इस खेल में छोटी-सी बात, जिस पर शायद आम तौर पर किसी का ध्यान न जाए, जीत और हार के बीच बड़ा अंतर पैदा कर सकती है.



अनिल कपूर की दमदार मेजबानी और प्रतियोगियों के लिए एक करोड़ रुपये तक जीतने के मौके के साथ यह शो दर्शकों के लिए रोमांच, मनोरंजन और कई दिलचस्प पल लेकर आने वाला है.

# मनोज बाजपेयी के गांधी लुक ने खींचा ध्यान




**बॉलीवुड** अभिनेता मनोज बाजपेयी जल्द ही महात्मा गांधी के किरदार में नजर आएंगे। सुधीर मिश्रा के निर्देशन में बन रही इस ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया है, जिसमें मनोज बाजपेयी का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिल रहा है.फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता बनी हुई है. आजादी के दौर के इतिहास से जुड़ी इस फिल्म की कहानी 21 दिनों के एक कम चर्चित घटनाक्रम पर आधारित बतायी जा रही है. फिल्म में पहली बार मनोज बाजपेयी महात्मा गांधी की भूमिका निभा रहे हैं.

सामने आए फर्स्ट लुक में मनोज बाजपेयी को पहचानना भी मुश्किल नजर आ रहा है. उन्होंने गांधीजी के हुलिए के साथ-साथ उनकी बॉडी लैंग्वेज को भी आत्मसात करने की कोशिश की है. उनके इस रूप ने सोशल मीडिया और फिल्म प्रेमियों के बीच चर्चा तेज कर दी है. फिल्म के निर्माण से हिंदी सिनेमा के कई दिग्गज नाम जुड़े हैं. सुधीर मिश्रा 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' और 'धारावी' जैसी चर्चित फिल्मों के लिए जाने जाते हैं. अनुभव सिन्हा ने 'मुल्क', 'आर्टिकल 15' और 'थप्पड़' जैसी फिल्मों का निर्माण किया है.

# कैप्टन इंडिया की शूटिंग करने लंदन पहुंचे कार्तिक

कैप्टन इंडिया में कार्तिक आर्यन एक पायलट की भूमिका में नजर आएंगे. फिल्म की कहानी एक ऐतिहासिक निकासी अभियान से प्रेरित बतायी जा रही है. शिमित अमीन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का निर्माण टी-सीरीज, बावेजा स्टूडियोज और डोपामिन स्टूडियोज द्वारा किया जा रहा है.



**बॉलीवुड** अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कैप्टन इंडिया' की शूटिंग शुरू करने के लिए लंदन पहुंच गये हैं. अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अपनी लंदन यात्रा की तस्वीर साझा करते हुए फिल्म के शूटिंग प्रारूप की पहली झलक भी दिखाई है.कार्तिक द्वारा साझा की गयी तस्वीर में वह 'कैप्टन इंडिया' का शूटिंग प्रारूप हाथ में लिये नजर आ रहे हैं. प्रारूप के आवरण पर फिल्म के निर्देशक शिमित अमीन का नाम भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है.


तस्वीरों में कार्तिक के घायल पैर की झलक भी देखने को मिली है. बताया जाता है कि कबीर खान की आगामी खेल आधारित फिल्म के लिए एक गहन एक्शन दृश्य की शूटिंग के दौरान कार्तिक घायल हो गये थे, जिसके बाद उनके घुटने की सर्जरी हुई थी. चिकित्सकों ने उन्हें कुछ समय आराम और स्वास्थ्य लाभ की सलाह दी थी. ऐसे में अब 'कैप्टन इंडिया' की शूटिंग के लिए उनकी वापसी को उनके पेशेवर दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता के तौर पर देखा जा रहा है.

## 2 करोड़ में बनी 'हनुमान अंश' ने जड़ा शतक

**बेशक** बड़े पर्दे पर मुन्ना भैया और गुड्डू पंडित अपनी 'मिर्जापुर: द मूवी' लेकर आ गए हैं. पर जो चमत्कारी बढ़त 'हनुमान अंश' को मिली है, वो कोई कम नहीं कर पाया.

यश की 'टॉक्सिक' पहले ही कमाई नहीं कर पा रही है. वहीं जो थोड़ा बहुत बिजनेस हो भी रहा था, उसे भी 2 करोड़ के बजट में बनी फिल्म 'हनुमान अंश' ने पूरी तरह से रोक दिया. फिल्म की शुरुआत बिल्कुल भी अच्छी नहीं रही थी, सिर्फ लाखों में ही बिजनेस हो रहा था. लेकिन देखते ही देखते यह कमाई करोड़ों में पहुंच गई. अब 30वें दिन फिल्म ने अबतक की सबसे ज्यादा कमाई की है. जानिए अब कितना बिजनेस हो चुका है.

## वृंदा खोलेगी आरव का राज, मुन्नी बनी रास्ते की दीवार



धारावाहिक 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं' की कहानी अब ऐसे मोड़ पर पहुंचने वाली है, जहां 10 साल पहले छिपाया गया रहस्य वर्तमान रिश्तों को हिलाकर रख सकता है. आरव और वृंदा के बीच बढ़ती नजदीकियों से सलोनी पहले ही परेशान है. उसे लगातार यह डर सता रहा है कि आरव अगर वृंदा के करीब आता गया तो कहीं वह उसे भूल न जाए. सलोनी की यही असुरक्षा आने वाले एपिसोड में कई भावनात्मक घटनाओं की वजह बन सकती है. करीब एक दशक पहले मुन्नी, वृंदा और सलोनी ने अपने बच्चों की अदला-बदली कर ली थी. मुन्नी का बच्चा नहीं बच सका था, जबकि सलोनी ने एक बच्ची और वृंदा ने एक बेटे को जन्म दिया था. परिवार की परिस्थितियों और देव के डर के चलते सलोनी ने अपनी बेटी मुन्नी को सौंप दी. दूसरी ओर, वृंदा ने अपने बेटे को सलोनी को दे दिया, क्योंकि अंगद ने उस पर किसी और के बच्चे को जन्म देने का आरोप लगाया था. तीनों महिलाओं ने इस सच्चाई को परिवार से छिपाए रखा. लेकिन अब आरव और वृंदा के बीच बढ़ती नजदीकियां इस पुराने राज को फिर खतरे में डाल रही हैं. सलोनी की बेचैनी बढ़ती जा रही है और इसी तनाव में वह अनजाने में वृंदा को चोट पहुंचा देती है.

## वसुंधरा के खुलासे से राही के सामने आया बड़ा फैसला



चर्चित सीरियल 'अनुपमा' में आने वाले एपिसोड में राही और वसुंधरा के बीच टकराव कहानी को नया मोड़ देने वाला है. एक तरफ अनुपमा अपने सपनों का घर बनाने के लिए ऋण लेने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन लगातार मिल रही अस्वीकृति उनकी मुश्किलें बढ़ा रही है. दूसरी तरफ राही अपनी मां के सपने को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार नजर आ रही है. इसी वजह से अनुज के कैफे को लेकर परिवार में तनाव बढ़ गया है. वसुंधरा ने अनुपमा के कर्ज के लिए अनुज के कैफे को गिरवी रखने से साफ मना कर दिया है. लेकिन राही इस फैसले से सहमत नहीं है. वह अनुपमा की मदद करने के लिए वसुंधरा की बात को नजरअंदाज करने का फैसला करती है और इस कदम को अपनी मां से भी छिपाती है. इस बीच गौतम और मीता को राही के खिलाफ माहौल बनाने का मौका मिल जाता है. वे वसुंधरा को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करते हैं कि ख्याति की गैरमौजूदगी में राही घर पर अपना दबदबा कायम करना चाहती है. इतना ही नहीं, वे चेतावनी देते हैं कि राही आगे चलकर प्रेम को भी अपने प्रभाव में ले सकती है. प्रेम के प्रति वसुंधरा की भावनात्मक कमजोरी इस पूरे विवाद को और गंभीर बना देती है.





# इंडिया पोस्ट में 23 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती

- 10वीं पास उम्मीदवारों के लिए मौका
- बिना परीक्षा मेरिट से होगा चयन

**भारतीय** डाक विभाग में सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे 10वीं पास युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर सामने आया है. डाक विभाग ने ग्रामीण डाक सेवक यानी जीडीएस भर्ती 2026 के तहत कुल 23,757 पदों पर भर्ती की घोषणा की है. इस भर्ती में ग्रामीण डाक सेवक के साथ शाखा डाकपाल और सहायक शाखा डाकपाल के पद भी शामिल हैं. पात्र उम्मीदवार निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

इस भर्ती की सबसे बड़ी खासियत चयन प्रक्रिया है. उम्मीदवारों को चयन के लिए किसी लिखित परीक्षा या परीक्षा केंद्र पर होने वाली प्रतियोगी परीक्षा का सामना नहीं करना होगा. अभ्यर्थियों का चयन 10वीं कक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेरिट के जरिए किया जाएगा. इसलिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए 10वीं की अंकतालिका बेहद महत्वपूर्ण होगी. भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को पहले ओटीआर यानी वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना होगा. रजिस्ट्रेशन पूरा करने के बाद अभ्यर्थी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे. उम्मीदवारों को सलाह है कि आवेदन करने से पहले भर्ती से जुड़ी पात्रता और अन्य शर्तों को ध्यान से जांच लें. 23,757 पदों की यह भर्ती उन युवाओं के लिए खास मौका है, जो 10वीं के बाद सरकारी क्षेत्र में करियर शुरू करना चाहते हैं.

जीडीएस के अलावा बीपीएम और एबीपीएम जैसे पदों पर नियुक्ति मिलने से ग्रामीण डाक व्यवस्था में काम करने का अवसर मिलेगा. आवेदन की अंतिम तारीख 21 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है. ऐसे में उम्मीदवारों को अंतिम दिन का इंतजार करने के बजाय समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लेनी चाहिए.

# यूपी में कम्प्यूटर ऑपरेटर भर्ती

## 7 सितंबर से करें आवेदन



**सरकारी** नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए उत्तर प्रदेश में कंप्यूटर ऑपरेटर के पदों पर भर्ती का मौका है. उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यानी यूपीएसएसएससी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 7 सितंबर 2026 से शुरू होगी. पात्र अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे. आवेदन की अंतिम तारीख 28 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है.

इस भर्ती अभियान के तहत कुल 12 पदों को भरा जाएगा. इनमें कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के 11 पद और सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर का एक पद शामिल है. भर्ती में शामिल होने के लिए सबसे महत्वपूर्ण शर्त यह है कि उम्मीदवार के पास पीईटी 2025 का वैध स्कोरकार्ड होना चाहिए. शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक होना जरूरी है. इसके साथ कंप्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा अथवा राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान यानी एनआईईएलआईटी से ओ लेवल प्रमाण-पत्र होना चाहिए. उम्मीदवार के पास कंप्यूटर एप्लीकेशन पर काम करने का अनुभव भी होना आवश्यक है. आयु सीमा की बात करें तो उम्मीदवार की उम्र 1 जुलाई 2026 को कम से कम 21 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को सरकारी नियमों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट मिलेगी.

चयन प्रक्रिया में पीईटी 2025 के सामान्यीकृत स्कोर की अहम भूमिका होगी. इसी स्कोर के आधार पर उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा. मुख्य परीक्षा में संबंधित पदों की कुल रिक्तियों के 15 गुना अभ्यर्थियों को बुलाए जाने की व्यवस्था है. इसके बाद मुख्य परीक्षा के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम चयन सूची जारी की जाएगी. वेतन भी इस भर्ती की खास बात है. कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के चयनित उम्मीदवारों को पे लेवल-4 के तहत 25,500 से 81,100 रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा.

# रेलवे में निकली बम्पर भर्ती

**रेलवे** में नौकरी की तैयारी कर रहे 12वीं पास और स्नातक युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर सामने आया है। रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने नॉन-टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी यानी एनटीपीसी भर्ती 2026 के तहत नया नोटिफिकेशन जारी किया है. इस भर्ती अभियान में ग्रेजुएट और अंडरग्रेजुएट स्तर के कुल 5,165 पदों को शामिल किया गया है. पात्र उम्मीदवार आरआरबी की संबंधित क्षेत्रीय वेबसाइट पर जाकर पदवार जानकारी देख सकते हैं और ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

रेलवे में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए 5,165 पदों वाली यह भर्ती महत्वपूर्ण अवसर है. बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के आवेदन करने की संभावना को देखते हुए परीक्षा की तैयारी भी समय रहते शुरू करना फायदेमंद रहेगा.

एनटीपीसी भर्ती रेलवे की प्रमुख भर्तियों में शामिल है. इसके तहत गैर-तकनीकी श्रेणी के विभिन्न पदों पर उम्मीदवारों का चयन किया जाता है. इस बार भी भर्ती में शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अलग-अलग स्तर के पद रखे गए हैं. 12वीं पास और स्नातक उम्मीदवार अपनी योग्यता के मुताबिक संबंधित पद के लिए आवेदन कर सकेंगे. उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया कंप्यूटर आधारित परीक्षा से शुरू होगी. इसमें सीबीटी-1 और सीबीटी-2 के चरण शामिल होंगे. दोनों चरणों में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर आगे की चयन प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा. संबंधित पद के अनुसार आगे की प्रक्रिया और आवश्यक चरण अलग हो सकते हैं. इस भर्ती को लेकर सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उम्मीदवार आवेदन करने से पहले अपनी शैक्षणिक योग्यता और संबंधित पद की पात्रता जरूर जांचें. आरआरबी की अलग-अलग क्षेत्रीय वेबसाइटों पर भर्ती से जुड़ी पदवार जानकारी उपलब्ध होगी.

# 10वीं-आईटीआई पास के लिए रेलवे में नौकरी का मौका

## अप्रेंटिस के 4,471 पदों पर भर्ती, 27 सितंबर तक करें आवेदन

**भारतीय** रेलवे में अप्रेंटिस के तौर पर करियर शुरू करने की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ा अवसर सामने आया है. साउथर्न रेलवे ने अप्रेंटिस के कुल 4,471 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की है. इस भर्ती में 10वीं और आईटीआई पास उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं. पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन करना होगा. आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 27 सितंबर 2026 तय की गई है.



इस भर्ती की सबसे बड़ी खासियत यह है कि उम्मीदवारों को चयन के लिए लिखित परीक्षा नहीं देनी होगी. अभ्यर्थियों का चयन 10वीं और आईटीआई में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेरिट सूची के जरिए किया जाएगा. यानी उम्मीदवारों के शैक्षणिक प्रदर्शन की भूमिका चयन में महत्वपूर्ण होगी. भर्ती में शामिल होने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 15 वर्ष निर्धारित की गई है. इससे 10वीं के बाद आईटीआई की पढ़ाई पूरी कर चुके युवा रेलवे में अप्रेंटिस प्रशिक्षण हासिल करने के अवसर का लाभ उठा सकते हैं. हालांकि अलग-अलग ट्रेड और पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता तथा अन्य पात्रता शर्तों को आवेदन से पहले जांचना जरूरी होगा.

साउथर्न रेलवे की यह भर्ती उन युवाओं के लिए खास मानी जा रही है, जो तकनीकी कौशल के साथ रेलवे क्षेत्र में अपना करियर शुरू करना चाहते हैं. बड़ी संख्या में पद होने के कारण उम्मीदवारों के पास अवसर भी व्यापक है, लेकिन चयन मेरिट के आधार पर होने से 10वीं और आईटीआई के अंकों का महत्व बढ़ जाता है. इच्छुक उम्मीदवार 27 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को अपनी व्यक्तिगत और शैक्षणिक जानकारी सावधानीपूर्वक दर्ज करनी होगी.